## सफाई अभियान (स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम)

आयोजन तिथि- 01.10.2018

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई बकेवर द्वारा कालेज परिसर द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत स्वच्छता पखवाड़ा मनाया गया। जिसमे राष्ट्रीय स्वयं सेवको ने कालेज परिसर को कैन्टीन, प्रशासनिक भवन के आगे - पीछे वृहद स्तर पर सफाई अभियान चलाया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ.पी.के.राजपूत के दिशा-निर्देशन में एन.एस.एस.के स्वयं सेवकों द्वारा वृहद सफाई अभियान कालेज परिसर में चलाया गया। जिसमें प्रमुख रूप से कालेज के प्रवेश द्वार,डेयरी फार्म के निकट तथा क्रीडा प्राग्रण में स्वयं सेवकों द्वारा सफाई की गयी। प्राचार्य डॉ.महेश प्रसाद यादव ने स्वयं सेवकों से कहा कि स्वच्छता सभी नागरिकों का सामूहिक दायित्य है। और यदि हर व्यक्ति अपनी-अपनी नैतिक जिम्मेदारी एवं कर्तब्यो का पालन करते हुए स्वच्छता के प्रति जागरूक रहे। स्वच्छता अपने आप कायम रहेगी। डॉ.ईशा यादव ने स्वयं सेवकों को बताया कि भारत के प्रधान मंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी जी की पहल से 2 अक्टूबर 2014 से स्वच्छ भारत मिशन की शुरूआत की गयी जिसके परिणाम स्वरूप स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा हैं। भारत सरकार द्वारा इस अभियान का लक्ष्य 2 अक्टूबर 2019 तक स्वच्छ भारत मिशन पूर्ण होने की आशा हैं। इस स्वच्छता मिशन पखवाड़े के अन्तर्गत कई अन्य कार्यक्रम भी आयोजित किये जायेगे। इसमे लगभग 125 स्वयं सेवकों द्वारा भाग लिया गया। इस कार्यक्रम में डॉ.डी.एन.सिंह,डॉ.एम.पी.सिंह,सभासद रतन कठेरिया आदि ने भाग लिया।



Scanned with OKEN Scanner



स्वच्छ भारत मिशन पखवाड़ा के अन्तर्गत वृहद सफाई अभियान



स्वच्छ भारत मिशन पखवाड़ा के अन्तर्गत वृहद सफाई अभियान




Scanned with OKEN Scanner

## एक दिवसीय स्वच्छता जागरूकता ाििवर

दिनांक 15/11/2018 को एक दिवसीय स्वच्छता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डा. पी. के. राजपूत, डॉ. मनोज यादव की देखरेख में कालेज परिसर, प्रशासनिक भवन के आसपास तथा एन. एस. एस. की औषधीय वाटिका की साफ–सफाई आदि स्वयं सेवकों द्वारा कराई गई।

इस स्वच्छता अभियान के तहत कालेज परिसर में स्थिति औषधीय वाटिका, प्रशासिनक भवन के आस-पास, व कालेज के प्रवेश द्वार आदि स्थानो पर बृहद सफाई अभियान चलाया गया। उन्होंने यह भी बताया कि स्वच्छ भारत अभियान को सफल बनाने में प्रत्येक नागरिक तथा छात्र- छात्राओं का सामूहिक दायित्व है और हर व्यक्ति अपनी-अपनी नैितकजिम्मेदारी का पालन करते हुए स्वच्छता के प्रति जागरुक रहे तो यह अभियान पूर्णत: सफल सिद्ध होगा।




राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र कालेज परिसर की सफाई करते हुए



Scanned with OKEN Scanner




राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र कालेज परिसर की सफाई करते हुए

4 इटावा
कानपुर। शनिवार • 2 मार्च • 2019
राष्ट्रीय सहारा | www.rashtriyasahara.com |

# स्वयं सेवकों ने मुख्य मार्ग पर चलाया सफाई अभियान

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

बकेवर।

जनता कॉलेज बकेवर, इटावा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के अन्तर्गत अंगीकृत गांव में चलाये जा रहे सात दिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिन जन जागरूकता अभियान चलाया गया। जन-जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत स्वयं सेवकों द्वारा मुख्य मार्ग पर सफाई अभियान चलाया गया।


**राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई अन्तर्गत अंगीकृत गांव में चलाये जा रहे सात दिवसीय विशेष शिविर का चौथा दिन**

तत्पश्चात गांव के वयोवृद्ध कृषकों से मिलकर गांव में विभिन्न समस्याओं का आकलन किया गया। जिसमें यह निकलकर आया कि गांव में जलभराव की समस्याओं के लिए जल निकास की व्यवस्था न होना, साथ ही नालियां है उसमें कीचड़ एवं पालीथिन होने के कारण अवरुद्ध है। जल भराव एवं जल निकासी न होने के कारण गांव के आस पास खेतों में पानी भरा रहता है जिससे फसलें प्रभावित होती है तथा भरे हुए पानी से अनेकों संक्रामक बीमारियों का प्रकोप रहता है। स्वयं सेवकों के एक दल द्वारा गांव के ऐतिहासिक विवरण का अध्ययन बुजुर्ग लोगों से मिलकर किया गया और गांव की स्थापना लगभग सन् 1730 में मुगलों के शासन में हुई थी यहाँ पर वल्लभ सिंह नाम का व्यक्ति मनकापुर गाँव से आकर बसे और उन्हीं के नाम पर गाँव का नाम वल्लभपुर पड़ा। स्वयं सेवकों की दूसरी टोली द्वारा आज से लगभग 25 वर्ष पूर्व होने वाली फसलों में गेहूं 65, चना 8, अरहर 7, आलू 10, तथा खरीफ में मक्का, ज्वार, बाजरा, अरहर की फसलें करते थे। वर्तमान में खरीफ में धान 40, बाजरा 25, ज्वार 8 एवं अन्य फसले उगाते है जबकि रबी में गेहूं 65, सरसों 20, व आलू 15, उगाते है। एक अन्य समूह द्वारा गाँव के लोग रोजगार हेतु पलायन से सम्बंधित आकड़े एकत्रित किये गये जिसमें पाया गया कि साक्षरता 90, है जिसमें 95, पुरुष व 83, महिलाएं शिक्षित है तथा पलायन अन्य प्रदेशों, जिलो में लगभग 12.60, है जिससे ज्यादातर लोग अच्छी नौकरी के लिए प्रदेश के विभिन्न जनपदों में कार्य करते है तथा स्वयं के रोजगार के लिए नजदीकी कस्बों में 3.5, व्यापार, निजी व्यवसाय, गैर सरकारी नौकरी में 20, व शेष 65, लोग कृषि कार्य करते है।



इटावा : शिविर में मौजूद अधिकारी व अन्य। फोटो : एसएनबी

एक समूह द्वारा गांव की गतिशीलता का मानचित्रण किया गया। जिसमें पाया गया कि गांव के लोगों का सबसे ज्यादा आना जाना बकेवर है जो गांव से 3 किमी दूरी पर है, जिसमें बैंक, पोस्ट ऑफिस शिक्षा, रोजगार एवं अन्य घरेलू कार्य होते है इसके अलावा चिकित्सीय कार्य एवं ब्लॉक सम्बन्धित कार्य महेवा, तहसील सम्बंधी कार्य भरथना तथा जिला स्तरीय एवं महत्वपूर्ण कार्यों हेतु इटावा आना जाना पड़ता है। उपरोक्त सभी कार्यक्रम टीमों का गठन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पी.के. राजपूत एवं वरिष्ठ सहयोगी डॉ. मनोज कुमार यादव, डॉ. संजीव कुमार, डॉ. संजय कुमार विश्वकर्मा व डॉ. आनंद कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में किया गया। शिविर में सत्येन्द्र कुमार यादव, रजत पटेल, तरुण सिंह, शिवम सिंह, अजय कुमार, सुनील कुमार, रविकांत दुबे आदि का विशेष सक्रीय सहयोग रहा।



दैनिक जागरण

उत्तरप्रदेश, दिल्ली, मध्यप्रदेश, उत्तराखंड, हरियाणा, बिहार, झारखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और प. बंगाल से प्रकाशित

# स्वयंसेवकों ने बताए पर्यावरण संरक्षण से आय के उपाय

संवादसूत्र, बकेवर : जनता कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ग्राम बल्लमपुर में चलाए जा रहे सात दिवसीय विशेष शिविर के अंतर्गत छठवें दिन स्वयंसेवकों ने सामाजिक कुरीतियों एवं पर्यावरण संरक्षण व किसान आत्महत्या क्यों कर रहा है आदि विषयों पर अपनी प्रस्तुतियां दीं।

पर्यावरण को संरक्षित कर कैसे अपनी आय बढ़ा सकते हैं, इस विषय पर छात्र रजत पटेल ने वैज्ञानिक की भूमिका निभाई तथा छात्र रविकांत दुबे एंकर की भूमिका में नजर आए। उन्होंने बताया कि शादी एवं समारोह में बर्बाद होने वाले 1 किलोग्राम खाने से 4 किग्रा मीथेन गैस उत्सर्जित होती है, जिसका पर्यावरण प्रदूषण में सबसे बड़ा योगदान है। रजत ने यह भी बताया कि 1951 में प्रति व्यक्ति जल की उपलब्धता 5177 घन मीटर थी जो 2025 तक प्रति व्यक्ति जल की उपलब्धता 1341 घन मीटर होने का अनुमान है। रविकांत दुबे ने बताया कि दैनिक जीवन में हो रहे छोटे-छोटे कार्यों को सही दिशा में ले जाकर इस समस्या से निजात पाया जा सकता है। सिद्धार्थ, हिमांशु, धर्मेंद्र पांडेय ने रजत से कृषि अवशेष जलाने संबंधित प्रश्न किए।

दूसरे समूह में अमित कुमार, संदीप सिंह, रोहित सिंह व असीम आदि स्वयंसेवकों ने संदेश दिया कि अपना कार्य स्वयं करें। कुछ राजनैतिक नेताओं द्वारा केवल अपना प्रचार-प्रसार दिखावे के लिए किया जाता है।

4 दैनिक जागरण कानपुर, 6 मार्च 2019

Scanned with OKEN Scanner

## "स्वच्छता पखवाड़ा (1-15 सितम्बर)"

दिनाँक: 01-15.09.2019

जनता कालेज बकेवर, इटावा की राष्ट्रीय सेवा योजना, इकाई द्वारा भारत सरकार द्वारा चलाये जा रहे "स्वच्छता पखवाड़ा (1-15 सितम्बर)" के अन्तर्गत सफाई अभियान चलाया गया | कालेज के द्वार पर तथा भौतिकी विभाग के लॉन में सफाई का कार्य किया गया | राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मनोज यादव ने स्वयं सेवको को सम्बोधित करते हुए बताया कि यदि प्रत्येक व्यक्ति अपने-अपने जीवन में स्वच्छता के प्रति जागरुक रहे तथा सार्वजनिक स्थानो पर कूड़ा आदि न डाले तो स्वच्छता अपने आप ही कायम रहेगी | साथ ही यह बताया कि सार्वजनिक स्थानो पर यदि ऐसा कोई कार्य करता है तो उसको ऐसा करने से मना करना चाहिए | कालेज के वरिष्ठ प्राधायापक व पूर्व कार्यक्रम अधिकारी डॉ.पी.के. राजपूत ने छात्र-छात्राओं को बताया कि प्रत्येक स्वयं सेवक स्वच्छता एवं सफाई पर विशेष ध्यान दे जिससे गन्दगी से होने वाली विभिन्न संक्रमित बीमारियों से बचा जा सकता है | उन्होने यह भी बताया कि "स्वच्छता पखवाड़ा" पूरे भारत में 1से 15 सितम्बर तक मनाया जा रहा है | डॉ. संजीव कुमार ने बताया कि प्रत्येक स्वयं सेवक पूरे मनोयोग से " स्वच्ता ही सेवा है पखवाडा" के अन्तर्गत अपने महाविद्यालय में पूरी तरह से साफ रखने में भरपूर प्रयास करेगा | तथा कहीं भी गन्दगी का नामेनिशान नही रहेगा और लोगो में जागरुकता का एक संदेश जायेगा | इस कार्यक्रम में डॉ. संजय विश्वकर्मा सहित लगभग 120 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया |



अनुज दुबे थे। (एसएनबी) | अलावा हेलमेट का प्रयोग व गाड़ी का बीमा शुरू हो गया है।

# जनता कालेज में सेवा योजना के तहत चलाया स्वच्छता अभियान

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

बकेवर।

जनता कालेज बकेवर, इटावा की राष्ट्रीय सेवा योजना, इकाई द्वारा भारत सरकार द्वारा चलाये जा रहे स्वच्छता पखवाड़ा (1-15 सितम्बर) के अन्तर्गत सफाई अभियान चलाया गया। कालेज के द्वार पर तथा भौतिकी विभाग के लॉन में सफाई का कार्य किया गया।

राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मनोज यादव ने स्वयं सेवको को सम्बोधित करते हुए बताया कि यदि प्रत्येक व्यक्ति अपने-अपने जीवन में स्वच्छता के प्रति जागरुक रहे तथा सार्वजनिक स्थानो पर कूड़ा आदि न डाले तो स्वच्छता अपने आप ही कायम रहेगी। साथ ही यह बताया कि सार्वजनिक स्थानो पर यदि ऐसा कोई कार्य करता है तो उसको ऐसा करने से मना करना चाहिए। कालेज के वरिष्ठ प्राधायापक व पूर्व कार्यक्रम अधिकारी डॉ.पी.के. राजपूत ने छात्रछात्राओं को बताया कि प्रत्येक स्वयं सेवक स्वच्छता एवं सफाई पर विशेष ध्यान दे जिससे गन्दगी से होने वाली विभिन्न संक्रमित बीमारियों से बचा जा सकता है। उन्होने यह भी बताया कि स्वच्छता पखवाड़ा पूरे भारत में 1से 15 सितम्बर तक मनाया जा रहा है। डॉ. संजीव कुमार ने बताया कि प्रत्येक स्वयं सेवक पूरे मनोयोग से स्वच्ता ही सेवा है पखवाड़ा के अन्तर्गत अपने महाविद्यालय में पूरी तरह से साफ रखने में भरपूर प्रयास करेगा तथा कहीं भी गन्दगी का नामेनिशान नही रहेगा और लोगो में जागरूकता का एक संदेश जायेगा। इस कार्यक्रम में डॉ. संजय विश्वकर्मा सहित लगभग 120 छात्रछात्राओं ने भाग लिया।

चो
स्
सैफई (एसएनबी
शाहजहांपुर में बीती
अज्ञात चोरों द्वारा ग्रा
ग्राम शाहजहांपुर रोड
जिससे दर्जनों गांवों
साफ किये जाने से

कई गांवों की
विभाग में मचा

पंजीकृत कराया गय
मेन लाइन बंद रहर्त
लाख रुपये बतायी
किये जा रहे हैं। इस

दिबियापुर । बुध
पिटाई कर दी जब
मेनपुठ ने बताया कि
मंगल सिंह आये औ
भी मारपीट कर दी

# संगोष्ठी के साथ मनाया गया शिक्षक

सफाई अभियान फोटो व समाचार

# स्वच्छता ही सेवा है-कार्यक्रम

दिनाँक: 14.10.2019

जनता कालेज बकेवर, इटावा की राष्ट्रीय सेवा योजना , इकाई द्वारा भारत सरकार द्वारा चलाये जा रहे अभियान "स्वच्छता ही सेवा है"कार्यक्रम के अन्तर्गत महाविद्यालय में स्वच्छता अभियान चलाया गया | स्वच्छता ही सेवा है कार्यक्रम महात्मा गाँधी जयन्ती के 150 वर्ष पूरे होने पर मनाया जा रहा है जो कि पूज्य बापू जी के प्रति सच्ची निष्ठा है | राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मनोज यादव ने

इस स्वच्छता अभियान के तहत कालेज परिसर में स्थिति औषधीय वाटिका , प्रशासनिक भवन के आस -पास, व कालेज के क्रीडा स्थल आदि स्थानो पर बृहद सफाई अभियान चलाया गया | उन्होंने यह भी बताया कि स्वच्छ भारत अभियान को सफल बनाने में प्रत्येक नागरिक तथा छात्र - छात्राओं का सामूहिक दायित्व है और हर व्यक्ति अपनी -अपनी नैतिक जिम्मेदारी का पालन करते हुए स्वच्छता के प्रति जागरुक रहे तो यह अभियान पूर्णत : सफल सिद्ध होगा | कार्यक्रम में डॉ. पी.के. राजपूत ने अन्य प्राध्यापको के साथ कैम्पस में उगे विभिन्न खरपतवारो , दूबघास, गाजर घास, मौसमी खरपतवार को फावड़े , खुरपी, दराती के सहायता से समूल एकत्रित करके खरपतवारों को खाद के गढ्ढो में डलवाया | इस कार्यक्रम में डॉ . संजीव कुमार, डॉ. संजय विश्वकर्मा सहित लगभग 120 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया |



"sanitation work under swachchhta hi seva hai" by nss volunteer

# <u>एक दिवसीय शिविर (Environment and Sanitation Awareness)</u>

दिनांक: 28.01.2021

जनता कालेज, बकेवर, इटावा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा दिनॉक 28.01.2021 को पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता शीर्षक पर एक दिवसीय सामान्य कार्यक्रम किया गया | जिसमें सभी स्वयं सेवकों ने कालेज परिसर की साफ सफाई की एवं कालेज परिसर में हुई पेड़ों की परूनिंग के कार्य में सहभागिता की| कुछ पौधों की क्यारी बनाया तथा उनको संरक्षित किया | इस मौके पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मनोज कुमार यादव, डॉ. पी.के. राजपूत, डॉ. संजीव कुमार,सूरज सिंह, अकॉक्षा, दामिनी, अन्सू, बबली, अनुराग, आदर्श, अजय सहित सभी स्वयं सेवकों ने सहभागिता की |






# एक दिवसीय कार्यक्रम बृहद स्वच्छता अभियान

दिनांक: **12.10.2021**

जनता कॉलेज, बकेवर, इटावा के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा दिनांक **12** अक्टूबर को एक दिवसीय बृहद स्वच्छता अभियान चलाया गया जिसमें कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रथम व द्वितीय वर्ष के स्वयंसेवकों ने कालेज परिसर में बृहद रूप में साफ सफाई का कार्यक्रम किया। स्वच्छता अभियान के तहत भौतिकी विभाग, गणित विभाग, वनस्पति विज्ञान विभाग तथा प्रशासनिक भवन के चारों तरफ साफ सफाई का अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए ग्रामीण लोगों को प्रेरित किया। कार्यक्रम में कार्यक्रम अधिकारी डॉ मनोज यादव ने "स्वच्छता ही सेवा" के बारे में सभी स्वयंसेवकों को संबोधित किया। इस मौके पर सभी स्वयंसेवकों के साथ-साथ डॉ. संजय विश्वकर्मा, डॉ. एम पी यादव, डॉ. संजीव कुमार, डॉ. पीके राजपूत, राजकुमार वर्मा तथा मनोज दीक्षित आदि उपस्थित रहे।



बृहद साफ सफाई का कार्यक्रम

# एक दिवसीय कार्यक्रम "स्वच्छता ही सेवा है"

दिनांक: **28.10.2021**

जनता कॉलेज, बकेवर, इटावा के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा दिनांक **28** अक्टूबर को एक दिवसीय बृहद स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रथम व द्वितीय वर्ष के स्वयंसेवकों ने कालेज परिसर में बृहद रूप में साफ सफाई का कार्यक्रम किया। स्वच्छता अभियान के सरस्वती मां वाटिका तथा उद्यान विभाग भवन के चारों तरफ साफ सफाई का अभियान चलाया गया तथा लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए ग्रामीण लोगों को प्रेरित किया। कार्यक्रम में कार्यक्रम अधिकारी डॉ मनोज यादव ने "स्वच्छता ही सेवा" के बारे में सभी स्वयंसेवकों को संबोधित किया। इस मौके पर सभी स्वयंसेवकों के साथ-साथ डॉ. संजय विश्वकर्मा, डॉ. एम पी यादव, डॉ. संजीव कुमार, डॉ. पीके राजपूत, राजकुमार वर्मा तथा मनोज दीक्षित आदि उपस्थित रहे।




स्वच्छता ही सेवा

## . एक दिवसीय स्वच्छता अभियान सामान्य शिविर

दिनांक: **19.10.2022**

जनता कॉलेज बकेवर इटावा में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने एक दिवसीय स्वच्छता अभियान सामान्य शिविर "स्वच्छ भारत (क्लीन इंडिया)-2.0" अभियान विशेष स्वच्छता कार्यक्रम के अंतर्गत जन जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में "सिंगल यूज प्लास्टिक को एकत्र करके तथा उसका निस्तारण करना" मुख्य उद्देश्य जिसमें जन में जागरूकता लाना है। कार्यक्रम में कॉलेज के प्राचार्य डॉ आरके त्रिपाठी ने हरी झंडी दिखाकर रैली का शुभारंभ किया। स्वयंसेवकों ने समूह बनाकर पहले कालेज में सिंगल यूज प्लास्टिक को एकत्र किया। उसके उपरांत कॉलेज के आवासीय परिसर से होते हुए थाना गेट पर सिंगल यूज प्लास्टिक को एकत्र किया और वहां से लेकर बकेवर के मुख्य चौराहे तथा अन्य रास्तों से होकर सिंगल यूज प्लास्टिक को एकत्र करना तथा लोगों में इसके प्रति जागरूकता का संदेश देते हुए लखना रोड पर स्थित कालेज के गेट नंबर 2 पर रैली को समाप्त किया गया। कार्यक्रम में नगर पंचायत बकेवर के सभासद श्री अवनीत, कर्मचारी सुधीर कुमार की उपस्थिति में स्वयंसेवकों द्वारा एकत्र किए गए 125 किलो सिंगल यूज प्लास्टिक नगर पंचायत बकेवर को निस्तारण के लिए सौंप दिया गया। कार्यक्रम के अंत में डॉ मनोज यादव ने सभी स्वयंसेवकों को सिंगल यूज प्लास्टिक के न प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया तथा अन्य जन जागरूकता संदेश देने के लिए संबोधित किया एवं सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ आदित्य कुमार, डॉ संजीव कुमार, डॉ संजय विश्वकर्मा, डॉ इन्दुबाला मिश्रा व सहयोगी अनिल कुमार तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक उपस्थित रहे।



# जनता कालेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने चलाया स्वच्छता अभियान

## *रैली निकालकर किया जागरूक*




बकेवर (इटावा)। जनता कॉलेज बकेवर इटावा में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने ष्वच्छ भारत (क्लीन इंडिया) अभियान विशेष स्वच्छता कार्यक्रम के अंतर्गत जन जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में षसिंगल यूज प्लास्टिक को एकत्र करके तथा उसका निस्तारण करनाष् मुख्य उद्देश्य जिसमें जन में जागरूकता लाना है। कार्यक्रम में कॉलेज के प्राचार्य डॉ.आर.के. त्रिपाठी ने हरी झंडी दिखाकर रैली का शुभारंभ किया। स्वयंसेवकों ने समूह बनाकर पहले कालेज में सिंगल यूज प्लास्टिक को एकत्र किया। उसके उपरांत कॉलेज के आवासीय परिसर से होते हुए थाना गेट पर सिंगल यूज प्लास्टिक को एकत्र किया और वहां से लेकर बकेवर के मुख्य चौराहे तथा अन्य रास्तों से होकर सिंगल यूज प्लास्टिक को एकत्र करना तथा लोगों में इसके प्रति जागरूकता का संदेश देते हुए लखना रोड पर स्थित कालेज के गेट नंबर 2 पर रैली को समाप्त किया गया। कार्यक्रम में नगर पंचायत बकेवर के सभासद श्री अवनीत, कर्मचारी सुधीर कुमार की उपस्थिति में स्वयंसेवकों द्वारा एकत्र किए गए 125 किलो सिंगल यूज प्लास्टिक नगर पंचायत बकेवर को निस्तारण के लिए सौंप दिया गया। कार्यक्रम के अंत में डॉ. मनोज यादव ने सभी स्वयंसेवकों को सिंगल यूज प्लास्टिक के न प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया तथा अन्य जन जागरूकता संदेश देने के लिए संबोधित किया एवं सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम में डॉ. आदित्य कुमार, डॉ. संजीव कुमार, डॉ. संजय विश्वकर्मा, डॉ. इन्दुबाला मिश्रा व सहयोगी अनिल कुमार तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

## बाइक की टक्कर से साइकिल सवार घायल

बकेवर (इटावा)। बकेवर से अपने गाँव जा रहे साइकिल सवार लोगो को वाइक सवार चालक ने साइकिल में पीछे से टक्कर घायल किया। घटना की सूचना राहगीरो द्वारा स्वजनो को दी स्वजनो ने मौके पर पहुँच कर घायल साइकिल





# स्वच्छता अभियान

दिनांक: **09.12.2022**

जनता कॉलेज, बकेवर, इटावा में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा आज स्वच्छता अभियान के तहत वृहद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ मनोज यादव के संयोजन में किया गया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ राजेश किशोर त्रिपाठी ने 'स्वच्छता ही सेवा है' का मूल मंत्र की दिशा में सभी स्वयं सेवकों को स्वच्छता से होने वाले फायदे के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी। यह वृहद कार्यक्रम कॉलेज के औषधि पार्क, औद्योगिक रसायन पार्क, गेट नंबर 1 तथा कॉलेज के अन्य परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस मौके पर कॉलेज के राष्ट्रीय कैडेट कोर के लेफ्टिनेंट ब्रह्मानंद, मनोज दीक्षित, सुनील शुक्ला सहित एकता सलोनी, सुभाष, शिवम संदीप अनूप आदि सभी स्वयंसेवको ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।





# स्वयंसेवकों ने स्वच्छता अभियान चलाया

संवाद न्यूज एजेंसी

**बकेवर।** जनता डिग्री कॉलेज में शुक्रवार को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवकों ने स्वच्छता अभियान चलाया। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मनोज यादव के संयोजन में सफाई की गई। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राजेश किशोर त्रिपाठी ने स्वच्छता ही सेवा है को मूल मंत्र बताया।



जनता डिग्री कॉलेज में सफाई करते छात्र-छात्राएं। संवाद

सभी स्वयंसेवकों को स्वच्छता से होने वाले फायदे बताए। प्राचार्य ने कहा कि स्वच्छता से स्वास्थ्य भी अच्छा होता है। छात्र-छात्राओं ने कॉलेज के औषधि पार्क, औद्योगिक रसायन पार्क, गेट नंबर एक के पास सफाई की। एनसीसी के लेफ्टिनेंट ब्रह्मानंद शर्मा, मनोज दीक्षित, सुनील शुक्ला, सुभाष, शिवम, संदीप, अनूप आदि मौजूद रहे।

# जनता कॉलेज में स्वछता इकाई के तहत हुआ कार्यक्रम



चेतना ब्यूरो कार्यालय

**बकेवर।** जनता कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा आज स्वच्छता अभियान के तहत वृहद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मनोज यादव के संयोजन में किया गया। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ.राजेश किशोर त्रिपाठी ने ह्यस्वच्छता ही सेवा है। का मूल मंत्र की दिशा में सभी स्वयं सेवकों को स्वच्छता से होने वाले फायदे के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी। इस स्वछता वृहद कार्यक्रम कॉलेज के औषधि पार्क, औद्योगिक रसायन पार्क, गेट नंबर 1 तथा कॉलेज के अन्य परिसर में स्वच्छता अभियान के तहत चलाया गया। इस मौके पर कॉलेज के राष्ट्रीय कैडेट कोर के लेफ्टिनेंट डॉ.ब्रह्मानंद, मनोज दीक्षित, सुनील शुक्ला व एन एन एस के एकता सलोनी, सुभाष, शिवम संदीप अनूप आदि सभी स्वयंसेवको ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

राष्ट्र पटल
इटावा, शनिवार 10 दिसम्बर 2022

# राष्ट्रीय सेवायोजना के केडिट्स ने चलाया सफाई अभियान



बकेवर (इटावा)। जनता कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा आज स्वच्छता अभियान के तहत वृहद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मनोज यादव के संयोजन में किया गया।

इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राजेश किशोर त्रिपाठी ने 'स्वच्छता ही सेवा है' का मूल मंत्र की दिशा में सभी स्वयं सेवकों को स्वच्छता से होने वाले फायदे के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी। इस स्वछता वृहद कार्यक्रम कॉलेज के औषधि पार्क, औद्योगिक रसायन पार्क, गेट नंबर 1 तथा कॉलेज के अन्य परिसर में स्वच्छता अभियान के तहत चलाया गया। इस मौके पर कॉलेज के राष्ट्रीय कैडेट कोर के लेफ्टिनेंट डॉ.ब्रह्मानंद, मनोज दीक्षित, सुनील शुक्ला व एनएनएस के एकता सलोनी, सुभाष, शिवम संदीप अनूप आदि सभी स्वयंसेवको ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।